हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

बिलासा ताल के सामने वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधे सूखने लगे।

खबर संक्षेप

सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस आज

बिलासपुर। अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में अघोर पीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में सर्वेश्वरी समूह का 65वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार 21 सितम्बर को मनाया जाएगा। सुबह आश्रम स्थल की सफाई व श्रमदान के बाद सर्वेश्वरी ध्वजत्तोलन का कार्यक्रम और पवित्र ग्रंथ सफल योनि पाठ एवं हवन पूजन किया जाएगा। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं प्रचार सचिव विनोद तम्बोली ने बताया कि संध्या के समय अघोरेश्वर भगवान राम के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के विषय में विचार विमर्श किया जाएगा।

ट्रैप कैमरे में कैद हुई शावकों की तस्वीर

बिलासपुर। अचानकमार टाइगर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में टाइगर के साथ दो शावकों की तस्वीर कैद होने के बाद कोटा से लेकर एटीआर के ग्रामीण इलाकों में अलर्ट बढ़ा दिया गया है। जानकारी के अनुसार कोटा वन मंडल और वन विकास निगम के क्षेत्र में बसे दवनपुर गांव में किसान और मवेशी पर हमले के बाद क्षेत्र में टाइगर के अलावा मादा टाइगर और उसके शावकों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। कोटा वन मंडल के साथ वन विकास निगम एवं अचानकमार टाइगर रिजर्व की टीम को पूरे क्षेत्र में नर और मादा टाइगर के साथ शावकों की खोजबीन करने के लिए अलर्ट कर दिया गया। इसके बाद से लगातार कोटा सहित आधा दर्जन ग्रामीण इलाके में टाइगर के साथ शावकों को भी देखा गया।

बीच सड़क पर झूलता बिजली तार बना खतरा

बिलासपुर। मंगला के पटवारी तालाब से लेकर धुरीपारा मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक सड़क की बदहाली के बीच सड़क पर टूटा बिजली का तार झूलता रहा। इसे हर आने जाने वालों ने देखा लेकिन बिजली विभाग को इसकी भनक तक नहीं लग सकी है। मंगला के पटवारी तालाब से लेकर धुरीपारा मोड़ के हनुमान मंदिर तक सड़क पर सैकड़ों गड्ढें है। लोगों का कहना है कि सड़क पिछले एक साल से खराब है। बारिश के दौरान सड़क की सूरत ज्यादा खराब हो गई। पार्षद और विधायक भी मौके का जायजा ले चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या बनी हुई है। सड़क की परेशानी के बीच एक और बड़ा खतरा सामने है। सड़क पर बिजली का तार झूल रहा है, ऐसे में दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

घुरू-अमेरी-सैदा-मेंड्रा में बसी दर्जनों अवैध कालोनियां, बिजली के खंभे कहीं नहीं

बांस-बल्ली के रहमो-करम पर रौशन हो रही अवैध कालोनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घुरू-अमेरी क्षेत्र बिलासपुर नगर निगम का वार्ड क्रमांक-4 क्या कहलाने लगा, वहां अवैध कालोनियों की बाढ़ सी आ गई है। घुरू-अमेरी ही नहीं, बल्कि उससे आगे सैदा-मेंड्रा-पांड़ व सकरी तक चारों ओर बड़े-बड़े मकान तन गए हैं। इन सभी घरों में बिजली की रौशनी बांस-बल्ली के भरोसे पहुंच रही है। खेत में गाड़े गए सैकड़ों बांस नीचे से सड़ चुके हैं, जिसके टूटते ही बिजली तार के नीचे गिरने से कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

सस्ते प्लॉट के चक्कर में लोगों ने अपनी जान को भी दांव पर लगा रखा है, जबकि उन्हें इस बात की जानकारी अच्छी तरह है कि कच्ची प्लॉटिंग पर घर तो बनाए जा सकते हैं, लेकिन सरकार से मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं उनकी कॉलोनियों को कभी नहीं मिल सकती। घुरू, अमेरी, सैदा, मेंड्रा, पांड़ व सकरी क्षेत्र, जो बिलासपुर शहर से लगे हुए हैं। इनमें से कुछ गांव तो अब बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-4 भी कहलाने लगे हैं।

नगर निगम में शामिल होते ही इन क्षेत्रों में अवैध कालोनियों की बाढ़ सी आ गई है। लोगों ने नगर निगम सीमा में सस्ते प्लॉट मिलने के चक्कर में यहां अपने घर तो बनवा लिए, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपनी जान जोखिम में भी डालने में कोई भय नहीं हो रहा है। इनमें से ज्यादातर कॉलोनियों में बिजली के कनेक्शन तो हैं, लेकिन शायद अस्थायी कनेक्शन हैं। यही कारण है कि सीमेंट या लोहे के बिजली खंभे पूरे क्षेत्र में कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसी हालत में अपने घरों तक बिजली पहुंचाने लोगों ने बांस और बल्ली का सहारा लिया हुआ है। हालत यह है कि मेन रोड से एक से दो किलोमीटर लंबाई में भी लोगों ने बांस-बल्ली के सहारे पर कनेक्शन अपने घर तक पहुंचाया है।

बांस-बल्ली खेतों के किनारे गाड़े गए हैं, जिनमें से ज्यादातर पानी में डूबे हुए हैं। इनकी हालत लगातार बारिश व धूप के कारण सड़ने जैसी हो चुकी है। तेज हवा से कभी भी ये टूटकर नीचे गिर सकते हैं। पूरे क्षेत्र में कहीं भी स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था नहीं है, जिससे जमीन पर टूटकर गिरा बिजली का तार सामान्य आंखों से रात में नजर भी नहीं आएगा। ऐसे में कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। कॉलोनियों तक पहुंचने वाली सड़कों की हालत भी ऐसी ही है। सारी सड़कें कच्ची हैं और उनमें पानी भरा हुआ है। इसी को पार कर लोग अपने घरों तक आवागमन कर रहे हैं। दिक्कत यह है कि उस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की ऐसी दुर्दशा को देखने के बाद भी आज की स्थिति में भी वहां दर्जनों नए मकान निर्माणाधीन हैं।

स्थाई कनेक्शन नहीं दे सकते

अवैध तरीके से बसाई कालोनियों में बिजली ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा सकता है, इसके लिए कालोनी समिति द्वारा आवेदन किया जाना चाहिए। वर्तमान में ऐसे उपभोक्ताओं को टेम्परेरी कनेक्शन दिया गया है, जिससे लगाने की जिम्मेदारी उपभोक्ता पर होती है। जिन्हें ट्रांसफार्मर लगाना है, उन्हें सरकारी नियम व शर्तों के अधीन ही ट्रांसफार्मर दिया जाएगा।

- **सौरभ विश्वकर्मा,** एई, सकरी

30 किमी की रफ्तार से चली हवा, शाम को हल्की बारिश

बिलासपुर। मानसून की विदाई का समय निकट आ चुका है, ऐसे में सुबह से ही खिली धूप निकल रही है, लेकिन जाते-जाते मौसम अपने रंग दिखा रहा है,रविवार की शाम 4 बजे के बाद एक बार फिर मौसम करवट बदला और आसमान पर काले घने बादल छाने लगे, कुछ ही देर में 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने लगी और आधे घंटे तक खुशनुमा मौसम बना रहा, इस बीच कई इलाकों में हल्की बारिश होती रही है। रविवार की शाम को हुई इस मौसम के उथल-पुथल के बीच लोगों ने उमस से राहत पाई और घरों से बाहर निकल कर मौसम का मजा लिया।

मौसम विभाग के अनुसार बिलासपुर का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक रहा, इस दौरान 33.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। वहीं मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंडमान सागर के करीब निम्न दबाव का क्षेत्र अब अवदाब में बदलने लगा है। जिसके चलते मौसम में बदलाव संभव है। प्रदेश के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा रही है। बंगाल की खाड़ी और आंध्रप्रदेश के बीच द्रोणिका का प्रभाव बन चुका है।

घंटो बिजली की आंखमिचौली

शहर में बिजली व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है, कभी मेंटेनेंस के नाम पर बंद तो कभी फाल्ट के कारण सप्लाई ठप होने से उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि रविवार को बिजली की आंखमिचौली एक बार फिर उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बनी। इस दौरान सुबह से शाम तक कश्यप कालोनी, मन्नू चौक, टिकरापारा, करबला रोड, मसानगंज, सरजू बगीचा, चिंगराजपारा, अशोक नगर में बिजली आती जाती रही है। इसके साथ ही शाम 6 बजे से सकरी नेचर सिटी में बिजली ठप रही, करीब 3 घंटे तक बिजली कर्मचारियों को फाल्ट खोजना पड़ा, लेकिन 11 केवी लाइन में आई समस्या के चलते मरम्मत में काफी समय लग गया।

केंद्रीय विश्वविद्यालय का छात्र चार दिन से लापता, कोनी थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय (जीजीयू) का 22 वर्षीय छात्र चार दिन से लापता है। उसके परिवार ने कोनी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। छात्र की पहचान समीट कुमार के रूप में हुई है। वह विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग में अध्ययनरत है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसके ठिकाने के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है।

लापता छात्र

परिवार के अनुसार, समीट को आखिरी बार 16 सितंबर को सुबह लगभग 10:16 बजे सीएसई विभाग के आईटी भवन में देखा गया था। उसके बाद वह कहां गया, यह अज्ञात है। परिवार और परिचितों ने उसकी तलाश की। जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस के मुताबिक छात्र को 16 सितंबर की सुबह विश्वविद्यालय के आईटी भवन में देखा गया था। उसके बाद वह कहां गया, इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। उसका परिवार चिंतित है। शिकायत के आधार पर, पुलिस उसके लापता होने से जुड़े संभावित स्थानों और परिस्थितियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

■ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (सीएसई) विभाग में अध्ययनरत है छात्र

सोशल मीडिया पर अपील

उसके लापता होने की खबर कैंपस में पहुंचते ही छात्र संगठनों और परिचितों ने उसे ढूंढने में मदद के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। छात्र का पोस्टर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है और लोगों से अपील की जा रही है कि अगर उनके पास उसके बारे में कोई जानकारी हो तो उसके परिवार या पुलिस को सूचित करें। छात्र संगठनों ने कैंपस और आसपास के इलाकों में तलाशी में सहयोग करने की बात भी कही है। परिवार समीट से संपर्क करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

पहले भी हो चुकी है घटनाएं

इस मामले ने पिछले साल विश्वविद्यालय में हुई एक घटना की याद दिला दी है, जब एक छात्र लापता हो गया था और बाद में उसका शव परिसर के एक तालाब से बरामद हुआ था। फिलहाल, पुलिस छात्र की तलाश कर रही है और उसके लापता होने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। दूसरी ओर शिकायत दर्ज होने के बाद, कोनी पुलिस छात्र का पता लगाने के लिए आवश्यक जानकारी जुटा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर सकती है कि उसे आखिरी बार कहां देखा गया था, उसकी गतिविधियां क्या थीं और वह किन लोगों के संपर्क में था। उसके लापता होने का कारण अभी तक आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है।

पूर्व में पकड़ी गई थी 19 लाख 17 हजार 930 रुपए की प्रतिबंधित टेबलेट

शहर में प्रतिबंधित टेबलेट सप्लाई करने वाला यूपी का दवा व्यापारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत पुलिस ने प्रतिबंधित टेबलेट के मामले में एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करते हुए शहर में बड़े पैमाने पर टेबलेट सप्लाई करने वाले यूपी मथुरा के दवा व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में तीन युवकों को पकड़कर 19 लाख 17 हजार 930 रुपए की प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई थी।

आरोपी

11 सितंबर को सीपत पुलिस ने गुड़ी लोनियापारा निवासी उग्रसेन लोनिया, मुकेश लोनिया, परमेश्वर लोनिया को गिरफ्तार कर 4 हजार 743 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त किया था। जब्त टेबलेट की कीमत 19 लाख 17 हजार, 930 थी। बड़े पैमाने पर नशीली टेबलेट मिलने पर टीआई राजेश मिश्रा ने एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई करते हुए तीनों से सघन पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तीनों ने उत्तर प्रदेश मथुरा के एक मेडिकल दुकान से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट खरीदकर लाना बताया था। टीआई श्री मिश्रा ने साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के बाद पुलिस टीम मथुरा भेजा। पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने वाले मेडिकल दुकान संचालक मथुरा गोविंदनगर निवासी राहुल अग्रवाल पिता महेशचंद अग्रवाल 46 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

रोजी मजदूरी करने वाले बन गए तस्कर

पूर्व में पकड़े गए तीनों लोग रोजी मजदूरी करने उत्तर प्रदेश मथुरा गए थे। तीनों नशे के आदि थे, वहां काम करने के बाद राहुल अग्रवाल की दुकान से नशीली टेबलेट खरीदकर नशा करते थे। उसके बाद वे उक्त दवाई दुकान से नशीली टेबलेट लाकर सीपत क्षेत्र में बिक्री करने लगे थे।

प्रमुख स्टेशनों पर खोले जाएंगे यात्री सुविधा केन्द्र

बिलासपुर। रेलवे जोन के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा केन्द्र खोले जाएंगे, जहां टिकिट काउंटर के अलावा अन्य सुविधाएं दी जाएगी। रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा केन्द्र स्थापित करना शुरु कर दिया है। इसमें 22 आधुनिक टिकिट काउंटर, 25 स्वचलित टिकिट वेंडिंग मशीनें, 200 यात्रियों के बैठने की क्षमता और शीतलना के लिए 18 उच्च मात्रा निम्न गति के पंखे, 650 वर्ग मीटर में निर्मित एक समर्पित शौचालय ब्लॉक के साथ ही आरओ आधारित पेयजल, 24 स्पीकरों के साथ एक यात्री घोषणा प्रणाली, तीन एलईडी इलेक्ट्रानिक ट्रेन सूचना डिस्प्ले व अग्निशमन, 18 सीसीटीवी कैमरे, पांच सामान स्कैनर और पांच डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर सहित अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं।

बिलासपुर के माननीय यशस्वी विधायक छ.ग.
शासन के पूर्व मंत्री
श्री अमर अग्रवाल जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णमोहन पाण्डेय
आशीष गुप्ता
राहुल कश्यप
दिनेश चौधरी
स्वरूप केशरवानी
कमल सोनी
आशुतोष साव
बलराम हरयाणी
अनिल गुप्ता
राजकुमार केंवट
विनोद सोनी
अध्यक्ष नगर निगम, बिलासपुर
देवेन्द्र पाठक
अध्यक्ष भाजपा मध्य
श्रीकांत सहारे
महामंत्री
दीपक साहू
महामंत्री
भाजपा मध्य मण्डल बिलासपुर

खबर संक्षेप

रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने निशी को दी पीएचडी

बिलासपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत शोध केंद्र अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती की शोधार्थी निशी ठाकुर को वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। निशी के शोध का विषय ग्रामीण परिवेश के आर्थिक विकास में छत्तीसगढ़ राज्य की नरवा-गरुवा-घुरुवा-बारी योजना की भूमिका का अध्ययन (रायपुर संभाग के विशेष संदर्भ में) रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य अग्रसेन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. शोभा अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। निशी, श्रीमती रीता ठाकुर एवं मोहन कुमार ठाकुर की पुत्री एवं सोहन ठाकुर की भतीजी हैं। वर्तमान में निशी राज्य लघुवनोपज संघ में आंतरिक अंकेक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शर्मिला सम्मानित

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा रायपुर में राज्य स्तरीय शिक्षकवृंद सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के 39 शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें बिलासपुर जिले से शर्मिला मिश्रा को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कृत्य पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परम्परा एवं गुरु विषय पर व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें आज के परिवेश में शिक्षक और विद्यार्थी के बीच समग्र विकास और आपसी विश्वासपूर्ण माहौल हेतु प्रगाढ़ता के निर्माण पर चर्चा की गई। समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री विधायक धरसीवां अनुज शर्मा, एवं अतिथि एवं मुख्य वक्ता सुश्री वर्णिका शर्मा थीं। विशिष्ट अतिथि निशांत त्रिपाठी एवं कैलाश धर दीवान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा ने शिक्षा, संस्कार व सेवा के माध्यम से एक अच्छे इंसान के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ. वर्णिका शर्मा ने कर्म व मोक्ष पर विस्तृत चर्चा की। अंत में भारती किरण शर्मा एवं प्रकाश धर दीवान ने आभार प्रदर्शन किया। मंच का संचालन शजिन्ता शुक्ला एवं संजय शुक्ला ने किया।

छग शिक्षक संघ के प्रांतीय महिला सम्मेलन में मिला सम्मान

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ संघ का प्रांतीय महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन महासमुंद में आयोजित किया गया। इसमें बिलासपुर के उप प्राताध्यक्ष डॉ अशोक गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास के नेतृत्व में बिलासपुर से बड़ी संख्या में महिला शिक्षक एवं शिक्षकों शामिल हुए। प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर द्वारा शिक्षा मंत्री के समक्ष शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र सौंपा। आयोजन में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षक संघ द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं को पूरी सहानुभूति के साथ समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रश्मि द्विवेदी, वनमाला तिवारी, सविता भांगे, सविता गाँगुली, वीणा तिवारी, अनीता गुप्ता, जयंती दीक्षित, शिवा चौबे, अंतोनिया तिग्गा, अनीता गुप्ता, तृप्ति यादव, मंजू सिंह, कल्पना निराला, मीना मनहर, एच. के. मिंज, उषा पाटले, चमेली राज, निशा अवस्थी, दीपिका श्रीवास्तव, आदि संतोष तिवारी, जे पी ध्रुव, शिव श्रीवास, रमेश तिवारी,गोपाल प्रसाद ध्रुव, सी एस पैकरा, डॉ राम बाबू गुप्ता, रामेस्वर राठौर, रजनी कांत पटेल, अरविन्द पांडे, गोविन्द साहू, गजाधर सिंह आदि शामिल हुए।

आर्य समाज गोंड़पारा के गोविंद प्रधान, वारिज मंत्री निर्वाचित

बिलासपुर। आर्य समाज गोंड़पारा का वार्षिक निर्वाचन 20 सितम्बर को किया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। निर्वाचन अधिकारी ज्योतिर्मय आर्य के मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। इसमें प्रधान गोविन्द माधव गुप्ता, उप-प्रधान गोपाल दास चावला एवं विनय गुप्ता, मंत्री वारिज सिंह, उप मंत्री रोशन जायसवाल, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता, पुस्तकाध्यक्ष डॉ. अनीता सिंह, प्रचार मंत्री सुदर्शन जायसवाल एवं अवधेश गुप्ता, आर्यवीरदल अधिष्ठाता अभिषेक गुप्ता, संस्कार प्रभारी शशिमाधव गुप्ता एवं अजय कुमार गुप्ता रहे। सोशल मीडिया प्रभारी यश गुप्ता, गौरव गुप्ता हैं। अंतरंग सदस्य - पुष्कर जायसवाल, राम माधव गुप्ता, शालिनी गुप्ता, चन्द्रप्रभा गुप्ता, श्रुति गुप्ता, लता गुप्ता, राशि गुप्ता, निधि गुप्ता, प्रेरणा गुप्ता, पार्वती सिंह शामिल हैं।

बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक की आमसभा 24 को

बिलासपुर। नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बृहस्पति बाजार की 27वीं वार्षिक आमसभा 24 सितंबर गुरूवार को सुबह 10.30 बजे बैंक के सभाकक्ष में होगी। नागरिक बैंक के प्रबंध संचालक दुर्जती किकर मुखर्जी ने बताया कि बैठक में पिछली आमसभा में की गई कार्रवाई की पुष्टि के अलावा पारित अंकेक्षण टीप एवं वित्तीय पत्रक वर्ष 2025-26 अंकेक्षित को स्वीकृति प्रदान करने विचार किया जाएगा। इसी तरह वार्षिक लेखा बजट वर्ष 2025-26 के अनुमोदन, संचालक मंडल द्वारा वर्ष 2026-27 के स्वीकृत बजट को अनुमोदन करने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सांविधिक अंकेक्षण की नियुक्ति के लिए संचालक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय का अनुमोदन, बैंक की उपविधि में संशोधन करने पर विचार, बैंक की नई शाखा कोरबा एवं राजकिशोर नगर, सरकंडा में खोलने संचालक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय का अनुमोदन, नई शाखा हेतु स्टाफ भर्ती करने संचालक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय का अनुमोदन के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

बीते कई दिनों से नहीं हुई बारिश | **मस्तूरी ब्लॉक के अधिकतर गांवों में सूखने लगे खेत**

खेतों में पानी का संकट गहराया, खोले गए खूंटाघाट बांध के गेट

बिलासपुर। धान के खेतों में पानी का संकट दिखाई पड़ने लगा है। खेतों में पानी की कमी जैसी ज्यादातर समस्या मस्तूरी ब्लॉक के गांवों में देखने को मिल रही है। खेतों की सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था खूंटाघाट बांध से करने की मांग कई गांवों से आई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग ने खारंग के गेट खोल दिए हैं। बांध से पानी मिलने के बाद एक सप्ताह के भीतर खेतों में पानी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाने की उम्मींद है।

मानसून अब अपने अंतिम दौर में है। इसके चलते बीते दस दिनों से जिले में संतोषजनक बारिश नहीं हो सकी है। जिले के कई क्षेत्र ऐसे हैं, विशेषकर मस्तूरी ब्लॉक के कई गांव, जहां लगातार दस दिनों से संतोषजनक बारिश नहीं होने के कारण धान के खेतों में पानी की बेहद कमी हो गई है। खेत सूखने लगे हैं, जिससे किसानों में चिंता व्याप्त है। किसानों का कहना है कि आधे घंटे की भरपूर बारिश से भी खेतों व धान के पौधों में जान आ जाएगी। हालांकि मौसम विभाग ने इस बीच हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जाहिर की है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों ने इस महीने के आखिर तक मानसून की विदाई के संकेत भी दे दिए हैं, जिसकी शुरूआत 19 सितंबर से पश्चिमी राजस्थान से होने लगेगी।

डेढ़ महीने बाद खूंटाघाट से अभी समाप्त हुआ वेस्ट वियर

खारंग जलाशय से इस वर्ष 22 जुलाई को वेस्ट वियर प्रारंभ हुआ था, जो लगातार डेढ़ महीने से भी अधिक समय तक जारी रहा। सिंचाई के लिए गेट खोलने के बाद खारंग से 17 सितंबर को वेस्ट वियर की स्थिति समाप्त हुई है। बांध के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश होने के कारण काफी जल्दी बांध शत प्रतिशत जलभराव के स्तर को पार कर गया।

बिजली विभाग की कटौती से किसान और परेशान

कई गांवों से किसानों के द्वारा विद्युत विभाग द्वारा बगैर सूचना के कनेक्शन काटने की शिकायत की जा रही है। किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग किसानों द्वारा अपने खेतों में स्थापित ट्यूबवैल के बिजली का बिल जमा नहीं करने के कारण उनका कनेक्शन काटा जा रहा है। इस संबंध में स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण किसान परेशान हो रहे हैं।

खोले गए हैं गेट

खेतों में पानी की कमी को कारण बताते हुए विभिन्न गांवों के ग्रामीणों द्वारा खारंग जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की गई थी। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जलाशय के गेट खोल दिए गए हैं। खारंग जलाशय से 17 सितंबर की स्थिति में वेस्ट वियर समाप्त हुआ है और अभी शत प्रतिशत पूर्ण जलभराव की सीमा में है।

-एमके चंद्रा, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

पानी छोड़ने के बाद होगा समाधान

शुक्रवार को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक ली गई थी, जिसमें खेतों में पानी की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई है। वर्तमान में किसी गांव या क्षेत्र से पानी की बेहद कमी या गंभीर स्थिति जैसी जानकारी नहीं मिली है। वैसे भी खारंग जलाशय की नहरों में पानी छोड़ने के बाद समस्या का समाधान हो ही जाएगा।

-एमआर तिग्गा, उपसंचालक कृषि

आसमान का भरोसा नहीं, 18 घंटे ट्यूबवैल से हो रही सिंचाई

जिले में बीते दस दिनों से भी अधिक समय से तेज बारिश नहीं हुई है। ऐसे में खेतों की सिंचाई के लिए किसान ट्यूबवैल पर ही अंतिम भरोसा जता रहे हैं। हालत यह है कि किसान दिन में 18-18 घंटे ट्यूबवैल चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। शहर के आसपास विशेषकर रायपुर रोड पूरी तरह सिंचाई सुविधा विहीन क्षेत्र है, जहां नहर से सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है। हालांकि इन क्षेत्रों में भी खेत पूरी तरह तो सूखे नहीं है, खेतों में नमी बरकरार है, लेकिन लगातार यही हालत रही तो नुकसान हो सकता है। रायपुर रोड के आसपास बसे ज्यादातर गांवों में खेतों की सिंचाई पूरी तरह मोटर पंपों के ही भरोसे है। इन क्षेत्रों में जिन किसानों के पास खेत में ट्यूबवैल की व्यवस्था नहीं है, वे इसके लिए पड़ोस के अन्य किसानों के भरोसे हैं।

जमीन की कमी की मांग भी हो चुकी है पूरी

6 साल में 5 फ्लाइट बंद, 4 सी एयरपोर्ट तक नहीं बना, अधिकारियों का हो रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर के लिए यह विडंबना है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बने चकरभाठा हवाई अड्डा सालों के बाद 4सी एयरपोर्ट में विकसित नहीं हो सका है। भले इसका व्यवसायिक परिचालन 2021 से शुरू किया गया लेकिन इसके साथ निर्मित देश के 11 नवीन एयरपोर्ट अब 4 सी एयरपोर्ट के तौर पर जाना जाता है। वहीं परिचालन के 5 सालों में 5 फ्लाइट यात्रियों की कमी के चलते बंद कर दी गई है।

- राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथारिटी की उदासीनता पड़ रही भारी

जमीन, फंड और निर्माण एजेंसी जैसी छोटी-बड़ी समस्याओं के चलते चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट 3 सी आईएफआर केटेगरी का एयरपोर्ट के तमगे से काम चलाया जा रहा है, साल 2021 से देश में कई नवीन एयरपोर्ट बने जो महज 3 सालों में 4सी केटेगरी का सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट बन चुके हैं। इसमें अयोध्या का एयरपोर्ट भी शामिल है, जहां महज 2 साल के भीतर भव्य एयरपोर्ट निर्माण किया गया है। बिलासा एयरपोर्ट के लिए व्यवसायी परिचालन के शुरूआती दिनों से ही उपेक्षित रवैया रखा गया है और केन्द्र व राज्य सरकारों ने इसे विकसित करने को लेकर दोहरा रवैया अपनाया, जिसके चलते एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की सुविधा भी शाम 5 बजे तक ही है। दुर्भाग्य यह है कि परिचालन के 5 साल हो चुके है लेकिन एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया और राज्य सरकार ने यहां एयरपोर्ट डायरेक्टर, सिक्यूरिटी मैनेजर सहित अन्य कर्मचारियों को नहीं बदल सका है।

इन फ्लाइटों का परिचालन बंद

सबसे पहले बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट महज 3 माह में बंद कर दी गई थी। वहीं इसके बाद इंदौर की फ्लाइट शुरू की गई, जिसमें यात्रियों का प्रतिसाद भी अच्छा खासा था महज 5 माह में इसकी सेवा भी अलायंस एयर द्वारा बंद कर दी गई। इस दौरान अलायंस एयर के पास पर्याप्त फ्लाइट नहीं होने का हवाला दिया गया था। 18 सीटर से शुरू की गई अंबिकापुर फ्लाइट भी तकनीकी कारणों के चलते बंद किया गया, वहीं जगदलपुर और जबलपुर फ्लाइटों को भी यात्रियों की कमी, मौसम के कारण तकनीकी खामियों के चलते रोक दिया गया। हाल ही में कोलकाता की फ्लाइट पर ब्रेक लगा दिया गया है।

अधिकारियों का हो गया विकास

खास बात यह है कि एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी के भरोसे है, साल 2021 से अबतक जिला प्रशासन, एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के अधिकारियों का प्रमोशन और रिटायरमेंट तक हो चुका है। पीडब्ल्यूडी में ही ईई सीएस विध्यंराज एयरपोर्ट के निर्माण के दौरान एसडीओ थे, वहीं आरके रात्रे एसई के तौर पर कार्यरत थे, जिन्हें वर्तमान में चीफ इंजीनियर बनाया गया है। ऐसे ही 10 से अधिक आईपीएस एयरपोर्ट के नोडल होने की जिम्मेदारी संभाल चुके है लेकिन अधिकारियों का विकास होता रहा, जबकि एयरपोर्ट अबतक उपेक्षित है।

22 सितंबर से संपर्क अभियान होगा शुरू

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने बिलासपुर से कोलकाता उड़ान के बंद होने का विरोध किया है और मुहिम चलाने की मांग की है। प्रथम चरण में 22 सितंबर से सभी जनप्रतिनिधियों से संपर्क साधा कर आंदोलन को तेज करने की पहल की जा रही है। इस दौरान समिति सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों से भी चर्चा करेगी।

अग्रसेन जयंती समारोह की सरकंडा में हुई मोहल्ला बैठक

बिलासपुर। अग्रसेन जयंती समारोह की आठवी मोहल्ला बैठक 20 सितंबर रविवार को हेमंत अग्रवाल एवं राहुल मित्तल सरकंडा के सीपत रोड स्थिति शो रूम में हुई। अगली बैठक 27 सितंबर को अग्रसेन भवन में होगी।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने समाज के सभी अग्र बंधुओ से शोभा यात्रा एवं जयंती कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने 27 सितंबर को अयोजित रक्त दान शिविर में भी रक्त दान करने का परामर्श दिया । अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष भोलाराम मित्तल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की जयंती पर्व 11 अक्टूबर रविवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम ग्रैंड लोटस में रखा गया है। शोभायात्रा 10 अक्टूबर शनिवार को श्री श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर तेलीपारा, पुराना बसस्टैंड, महाराजा अग्रसेन मार्ग से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचेगी और पूजा आरती के बाद विश्राम होगा। श्री अग्रसेन जयंती पर श्री अग्रसेन भंडारा प्रसाद का आयोजन 11 अक्टूबर दिन रविवार जयंती वाले दिन किया जाएगा। जयंती के कार्यक्रम 26 सितंबर सुबह 10.30 बजे गौ सेवा कार्यक्रम से प्रारंभ होगी। 27 सितंबर रक्तदान एवं निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्री श्याम मंदिर परिसर में होगा। अग्रवाल सभा के सचिव सुनील सोनथलिया ने जयंती पर्व पर दिए जाने वाले अग्ररत्न पुरस्कार के संबंध में बताया कि यह पुरस्कार समाज हित में, मानवता के हित में निः स्वार्थ भाव से कार्य करने वाले अग्रबंधु को दिया जाता है। डॉ. हेमंत अग्रवाल ने साल भर मोहल्ला बैठक करने का सुझाव दिया। नितिन बेरीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रहलाद राय अग्रवाल, बाबूलाल मित्तल, दुलीचंद अग्रवाल, दीपक तुलस्यान, गणेश अग्रवाल, बजरंग मित्तल, राहुल मित्तल, मिथलेश अग्रवाल, आनंद सराफ, नितिन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, आकाश केडिया, सुरेश अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल, रमेश कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, अमित जालान आदि मौजूद थे।

स्व. श्रीकांत वर्मा की जयंती पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बिलासपुर । बिलासपुर ही नहीं बल्कि देश की साहित्यिक विरासत के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर, ख्यातिलब्ध कवि, कथाकार, समीक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य स्व. श्रीकांत वर्मा की जयंती पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ भवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ भवन स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर शहर के साहित्यकारों, कलाकारों और गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। 18 सितंबर 1931 को न्यायधानी बिलासपुर में जन्मे श्रीकांत वर्मा ने शुरुआती जीवन में कड़े संघर्षों के बीच अपनी साहित्यिक यात्रा की नींव रखी थी। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि श्रीकांत वर्मा उन विरल प्रतिभाओं में से थे, जिन्होंने साहित्य, पत्रकारिता और सार्वजनिक जीवन तीनों क्षेत्रों में अपनी मजबूत छाप छोड़ी। 1976 में वे राज्यसभा सदस्य चुने गए और 1986 तक संसद में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर रामकुमार तिवारी, सतीश जायसवाल, राजू यादव, अजय श्रीवास्तव, राजेश सोनथालिया, अरुण दावड़कर, रूपल, चेतना वर्मा, विनोज लिंगम, श्री कुमार, बजेंद्र श्रीवास्तव, एस. विद्रुला, सुरेंद्र वर्मा, गजेंद्र श्रीवास्तव, अनु पाण्डेय, सोनिया और कांति पटेल आदि मौजूद थे।

स्टेशन में पानी सप्लाई की 15 दिन तक होगी जांच

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए नलों में सप्लाई होने वाले पानी की विशेष जांच करने का आदेश मिलने के बाद 15 दिन का विशेष अभियान शुरु कर दिया गया है। इस दौरान पहले दिन 5172 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें 373 नमूनों की जांच करने पर संतोषजनक पाया गया है। कैट की रिपोर्ट के बाद रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल मुख्यालय को पत्र लिखकर स्टेशन में यात्रियों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले पेयजल की विशेष जांच करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर संबंधित विभाग की ओर से जांच शुरु कर दी गई है। पिछले तीन चार दिन से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जन्मदिवस तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्टेशन पर उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता की नियमित व सतत निगरानी भी की जा रही है। पिछले माह एसईसीआर के विभिन्न स्टेशन पर पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्टेशन में उपलब्ध पेयजल व्यवस्था की व्यापक जांच एवं निगरानी करने, निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। बड़े एवं अधिक यात्री आवागमन वाले एनएसजी 2 और एनएसजी थ्री श्रेणी के प्रमुख स्टेशन पर स्वास्थ्य निरीक्षकों की ओर से प्रतिदिन नियमित रूप से चार पेयजल नमूनों की जांच की जा रही है। प्रमुख स्टेशन पर अधिक आवृत्ति के साथ निगरानी और छोटे स्टेशनों पर पेयजल गुणवत्ता की नियमित जांच की व्यवस्था लागू है।

महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की घोषणा 27 को

बिलासपुर। सर्व यादव समाज के नगर, जिला, संभाग एवं महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक में सामाजिक संगठन के विस्तार सामाजिक एक जुटता तथा समाज के पदाधिकारी की घोषणा, कार्यकारिणी बनाने समाज को संगठित करने मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई।

समाज के वरिष्ठ जनों तथा प्रमुख जनों की बैठक में सामाजिक संगठन के विस्तार करने जिला ,नगर ,संभाग एवं महिला प्रकोष्ठ में ज्यादा से ज्यादा समाज के जागरूक लोगों को जोड़ने तथा कार्यकारिणी बनाई जाने पर चर्चा की। समाज के जागरूक लोगों को नई कार्यकारिणी में जगह देने पर सहमति जताई है। रविवार 27 सितंबर को संभाग नगर जिला एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी की बैठक में कार्यकारिणी की चयन सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा तथा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के नाम पर भी अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सर्व यादव समाज के उपाध्यक्ष विष्णु यादव ने कहा कि जिला, शहर, संभाग तथा महिला कार्यकारिणी में 35-35 पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी । नगर महिला अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही सभी प्रकोष्ठ में नई टीम में कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

आज की बैठक में संभागीय अध्यक्ष धनु यादव, जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव, जसवंत यादव, दुर्गेश यादव, गीता यादव, टीकाराम यादव, जागेश्वर यादव संतोष यादव,अभिमन्यु ,विजय यादव, मनजीत ,देवनारायण यादव, मन्नू यादव, सरिता यादव आदि मौजूद थे।

व्यापक
सोच
सर्वांगीण
विकास
बिलासपुर के भविष्य को ध्यान में रखकर योजनाओं
को आकार देने और विकास को नई दिशा देने वाले
हमारे अमर भैया को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। 22 सितम्बर
विनीत : भारतीय जनता पार्टी समस्त प्रकोष्ठ विधानसभा बिलासपुर

विजय ताम्रकार जी
श्याम साहू जी
केदार खत्री जी
आदित्य अग्रवाल जी
गुलशन ऋषि जी
दीपक सिंह ठाकुर जी
"जननायक" हमारे नेता, हमारे मार्गदर्शक, विकासपुरुष
भैय्या अमर अग्रवाल जी
मा. अमर अग्रवाल जी
विधायक बिलासपुर
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए..
विवेक ताम्रकार
जिला कार्यसमिति सदस्य, भाजयुमो बिलासपुर शहर
राहुल सिंह
सह कोषाध्यक्ष, भाजयुमो बिलासपुर शहर
मुकेश अधिजा
भाजपा नेता
निखिल खण्डेलवाल
जिला सह संयोजक, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ
महर्षि बाजपेयी
जिला उपाध्यक्ष, भाजयुमो बिलासपुर शहर
विन्नी विधानी
जिला कार्यसमिति सदस्य, भाजयुमो बिलासपुर शहर
दीपक यादव
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजयुमो छ.ग.
देवेश खत्री
जिला सोशल मीडिया प्रभारी, भाजपा बिलासपुर शहर
#NewSaiGraphics 9098329595

मंदिर चौक गणेश उत्सव समिति।


मां महामाया गणेश उत्सव समिति सरकंडा।

महाकलेश्वर गणेश उत्सव समिति इमलीपारा।

बोलबम गणेश उत्सव समिति लोधीपारा।

ओम गणेश उत्सव समिति बंधवापारा।

जय गणेश उत्सव समिति मालखरौदा।

शहीद दीपक चौक मोपका।

नूतन कला मंच गणेशोत्सव समिति नूतन कालोनी।

इमलीभाठा में विराजे विघ्नहर्ता।

यादव गली रामघाट लोखंडी।

श्री बाल गणेश उत्सव समिति बूटनबाड़ी मंगला।

मेहंदी, रंगोली स्पर्धा में बच्चों, महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राम्हण समाज ने घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में प्रदेश स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें आयोजित विविध प्रतियोगिता में बच्चों, महिलाओं ने प्रतिभा दिखाई। किशोरी जू जागरण के गौरव जोशी एण्ड टीम ने छत्तीसगढ़ी संगीत व भजन पेश कर माहौल को आध्यात्ममय बनाया।

श्याम मंदिर में प्रदेश स्तरीय तीज मिलन समारोह

संदेशात्मक रंगोली

समारोह में सभी उम्र की महिलाओं के लिए मेहंदी, रंगोली, एकल व समूह गायन, केश सज्जा , तीज श्रृंगार, छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने संदेशात्मक रंगोली सजाकर, कई आकर्षक केश सज्जा एवं छत्तीसगढ़ी पकवान बना कर अपनी प्रतिभा दिखाई। पूरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी थीम में हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राम्हण समाज का आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मंचस्थ अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, रीतु पाण्डेय, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने उपस्थित समाज की महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी।

अंत में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें 1 से 18 साल के लड़के, लड़कियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। इसमें प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण सहित कई प्रेरणादायी संदेश दिया। एकल, समूह नृत्य प्रतियोगिता में पारंपरिक वेश में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शुक्ला पाण्डेय, अल्का तिवारी, सीता, अनुराधा शर्मा, रक्षा बड़गैया, सुमन, श्वेता पाण्डेय, सरोज शर्मा, मीनाक्षी तिवारी, गायत्री तिवारी, ऋचा, समृद्धि शुक्ला, ज्योति, पिंकी, मीना, निशा, वंदना, संगीता सहित समाज की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच की महिलाओं ने तीज मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया।

चन्द्रा महिला समाज का तीज मिलन

चन्द्रा महिला समाज का तीज मिलन समारोह सामाजिक भवन में आयोजित किया गया। इसमें समाज की महिलाओं, बच्चों ने गीत, गायन की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार चंद्रा थे। अध्यक्षता श्यामलाल चंद्रा ने की। टीपी सिंह सहायक कुल सचिव गुरु घसीदास विश्वविद्यालय ने समिति को मिनी साउंड सिस्टम भेंट किया। लखेश्वरी एवं हेमा चंद्रा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में गीत, गायन, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। समूह नृत्य में हेमा, लखेश्वरी, सुलोचना, संगीता, प्रगति, रश्मि, एकल नृत्य में पूर्वी, मणिन्द्र, एकल गायन में श्रीजम्या, कल्याणी, नाट्य मंचन में गीता, कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठजन रामकुमार, रघुवंशी चंद्रा एवं प्रतिभावान छात्रों में खुशी, अंशु, विवेक, रीतिका, रुक्मणी, जिज्ञासा, पूर्वी, युवराज, प्रगति को 80% से अधिक अंक प्राप्त करने पर को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ अशोक कुमार चंद्रा दुर्ग, कीर्ति चंद्रा, कन्हैयालाल चंद्रा, डॉ भगवती, गंगा देवी, रोशनी, प्रीति, अर्चना, सुनीता, पूर्णिमा, बिमला, गणेश, कन्हैया, राजेंद्र, चंदन कंचन, ओंकार, प्रकाश, हर्षवर्धन, सूरज, अनिल, जीवन, प्रकाश, लक्ष्मी, रोहित, अजय उपस्थित थे।

संकल्प चक्र, नुक्कड़ नाटक से जागरूकता का संदेश

बिलासपुर। सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के 'माय भारत' अभियान के अंतर्गत 'राष्ट्रीय संकल्प समारोह' का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं और माय भारत स्वयंसेवकों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

■ माय भारत स्वयंसेवकों ने ली शपथ

आयोजन के दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों ने आकर्षक 'संकल्प चक्र' का निर्माण किया और सभी को जीवन में कभी भी नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई। युवाओं ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे से परिवारों और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को दर्शाया और नशा मुक्ति का संदेश दिया। इसके साथ ही एक 'सिग्नेचर वॉल' स्थापित की गई, जिस पर अतिथियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर कर नशा मुक्त अभियान के प्रति अपना समर्थन दर्ज किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रोहित लहरे, मोहनलाल सोनी, डॉ किरण प्रसाद, दीपक सेठ, नमन तथा माय भारत एंबेसडर लोकेश ओगरे उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है जागरूक युवा पीढ़ी पर

माय भारत के उप निदेशक नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि एक सशक्त और विकसित भारत की नींव केवल स्वस्थ और जागरूक युवा पीढ़ी पर ही रखी जा सकती है। प्रभारी प्राचार्य केके. शुक्ला ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में उच्च नैतिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों का संचार करना भी है।

इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में माय भारत स्वयंसेवक नारायण रात्रे, जिया वारे, चंचल, जितेन्द्र, तनु, आर्यन, पुष्पराज, सिमरन, कुनाल, आयुष, पुष्पा, कशिश, लवली, मनजीत, राम, विपिन, विनीत, निशा, प्राची, सोनिया, कृष, अजय एवं खगेश दर्शन का योगदान रहा।

ब्रम्ह आलोक के 14 वें वर्ष के प्रवेशांक का विमोचन

बिलासपुर। कान्य कुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा प्रकाशित मासिक प्रत्रिका ब्रम्ह आलोक के 14 वें वर्ष के प्रवेशांक का विमोचन हुआ। मंच के प्रदेश संगठन सचिव सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा पिछले 13 वर्षो से मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष बीके पाण्डेय, अरूण शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष रायपुर कान्यकुब्ज सभा, रज्जन अग्निहोत्री रायपुर, आदित्य त्रिपाठी, कमलेश मिश्र, दिनेश बाजपेयी उपस्थित रहे।

जैन मंदिरों में किया जा रहा मंगलाष्टक, अभिषेक

बिलासपुर। शहर के समस्त जैन श्रावकों द्वारा पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर तीनों जैन मंदिरों में प्रातः साढ़े 6 बजे से मंगलाष्टक प्रारंभ कर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया जा रहा है। पूजन उपरान्त प्रवचन का लाभ सभी श्रावक ले रहे हैं।

क्रांतिनगर मंदिर में स्वाध्याय करवाया जाता है। शाम को सामायिक भी करवाया जा रहा है। जैन सभा द्वारा प्रतिदिन आओ ज्ञान बढ़ाए, धर्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई जा रही है। तीनों जैन मंदिरों में संगीतमयी आरती की जा रही है। इसके बाद पुनः सभी श्रावकों को प्रवचन का लाभ

क्रांतिनगर मंदिर में मिलता है। प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से क्रांतिनगर मंदिर के नायक हाल में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूज्य 105 अकम्पमति एवं अचलमति माताजी ने प्रवचन दिया। महिला मंडल की अमिता गोयल ने बताया कि शुक्रवार को खुला प्रश्न मंच एवं उत्तम शौच धर्म पर महिला परिषद सरकंडा द्वारा प्रश्नोत्तरी आओ जाने दस धर्मो को प्रतियोगता आयोजित की गई। प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने पर गिफ्ट प्रदान किया गया। अन्य महिलाओं को भी पुरस्कार दिए गए। मंगलाचरण शुवी, आद्या, नाययसा, विद्यांशी ने प्रस्तुत किया। पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव पर तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन सुकुमार जैन, विनोद, प्रवीन, डॉ प्रकाश चंद, राकेश, सनत, पंकज, सत्येन्द्र, संदीप, पदम चंद जैन ने किया। वाचन से पूर्व सभी ने अभिषेक शांति धारा किया।

कानून के सवालों ने परखी अभ्यर्थियों की तैयारी

बिलासपुर। पीएससी द्वारा रविवार को सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा का आयोजन किया गया,जिले में बनाए गए 10 परीक्षा केंद्रों में कुल 2 हजार 314 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1 हजार 498 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 816 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कानून के साथ छत्तीसगढ़ और बिलासपुर से जुड़े सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गए।

इसी तरह व्यापम द्वारा नमूना सहायक व लैब असिस्टेंट पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 21 हजार 85 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 66 परीक्षा केंद्रों में

परीक्षा हुई। इसमें 12 हजार 29 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 9 हजार 56 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों में सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए गए थे। नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों पर आधारित प्रश्नों की संख्या भी प्रमुख रही। परीक्षार्थियों ने बताया कि कानून से जुड़े प्रश्नों में संविधान और नए बने कानून के प्रश्न व धाराओं ने उलझाया पर छत्तीसगढ़ से जुड़े प्रश्नों को उन्होंने आसानी से हल कर दिया। परीक्षा सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई।

ताइक्वांडो स्पर्धा में शामिल हुए 570 खिलाड़ी

बिलासपुर। दूसरी राज्य स्तरीय पुम्से ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र के इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का कहना है कि खेल में जीत और हार चलती रहती है, लेकिन इससे किसी को निराश नहीं होना चाहिए। ताइक्वांडो एक ऐसा खेल है जो अपने साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी काम आता है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अपने-अपने वर्ग में विजेता खिलाड़ियों को मैडल वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला

सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष मोहित जायसवाल ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 18 जिले के 570 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक, टीम अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। प्रदेश महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने बताया कि इसमें अभिभावकों का काफी योगदान होता है जो बच्चों को खेल के प्रति समर्पित कर रहे है।

श्रद्धेय स्व. लखीराम अग्रवाल जी
विकास भी विश्वास भी
"जो काम थे अधूरे, अब हो रहे हैं पूरे"
संगठन के स्तम्भ, कुशल राजनीतिज्ञ एवं ऊर्जावान जनसेवक
हमारे प्रिय नेता अमर भैया को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं।
बिलासपुर बनेगा एजुकेशन हब
बिलासपुर को प्रदेश का प्रमुख एजुकेशन हब बनाने की दिशा में शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं और संस्थानों के व्यवस्थित विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है।
1
पुराने बस स्टैंड में बेहतर पार्किंग सुविधा
पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में कार पार्किंग का निर्माण होने से आसपास के क्षेत्र में पार्किंग की समस्या कम होगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।
2
तालाबों का हुआ जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण
शहर के प्रदूषित और बदहाल तालाबों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कर उन्हें स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के उपयोग के लिए बेहतर बनाया गया है।
3
संडे मार्केट हुआ व्यवस्थित
सदर बाजार क्षेत्र से संडे मार्केट को रिवर व्यू क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने से बाजार के साथ यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने में मदद मिली है।
4
स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से निखरेगी युवाओं की प्रतिभा
आधुनिक खेल सुविधाओं से विकसित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स युवाओं को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण लेने और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का बेहतर अवसर देगा।
5
बृहस्पति बाजार का होगा आधुनिकीकरण
शहर के हृदयस्थल में स्थित बृहस्पति बाजार सब्जी मंडी को आधुनिक सुविधाओं से विकसित कर स्वास्थ्य, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।
6
मल्टीलेवल पार्किंग से व्यवस्थित होगा यातायात
सिटी कोतवाली क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स के विकास से वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बेहतर होगी और यातायात को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।
7
न्यू रिवर व्यू में बना अटल परिसर
न्यू रिवर व्यू क्षेत्र में अटल परिसर का निर्माण कर क्षेत्र के विकास के साथ नागरिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया गया है।
8
रघुराज सिंह स्टेडियम का हुआ नवीनीकरण
स्टेडियम के नवीनीकरण से खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिली हैं और प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है।
9
स्मार्ट सिटी के कार्यों को मिलेगी गति
स्मार्ट सिटी के शेष कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कर शहर को आधुनिक और बेहतर सुविधाओं से जोड़ने का संकल्प है।
10
विभिन्न समाजों के लिए सामुदायिक भवन
विभिन्न समाजों को सामुदायिक भवनों के निर्माण में सहयोग देकर सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध कराए गए हैं।
11
शहर के सार्वजनिक स्थलों का हुआ विकास
उद्यान, तालाब, रिवर व्यू और अन्य सार्वजनिक स्थानों के विकास से शहर में नागरिकों के लिए बेहतर वातावरण और सुविधाएं तैयार हुई हैं।
12
पिंक स्टेडियम से बेटियों को मिला नया मंच
पिंक स्टेडियम के माध्यम से छात्राओं और महिलाओं को खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित खेल वातावरण उपलब्ध कराया गया है।
13
जनसुविधाओं को लगातार मिल रही मजबूती
शहर में सड़क, पार्किंग, पेयजल, सामुदायिक भवन और अन्य जरूरी सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरतों को बेहतर बनाने का प्रयास लगातार जारी है।
14
रिवर व्यू प्वाइंट से बढ़ी शहर की खूबसूरती
सिम्स अस्पताल के पीछे रिवर व्यू प्वाइंट विकसित कर नागरिकों के लिए मनोरंजन के साथ शहर के सौंदर्यीकरण को भी बढ़ावा दिया गया है।
15
शासकीय स्कूलों में बढ़ीं जरूरी सुविधाएं
शासकीय स्कूलों में नवीन कक्षों और शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही विद्यालयों और विद्यार्थियों की आवश्यक जरूरतों को पूरा करते हुए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।
16
विकास और जनकल्याण के प्रति सदैव तत्पर हमारे मार्गदर्शक एवं जनप्रिय नेता
श्री अमर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की अग्रिम बधाई...
आदित्य अग्रवाल (कान्हा)
अविनाश अग्रवाल
निखिल केशरवानी
दीपक सिंह
राजेश पाण्डेय
कमल गुप्ता
प्रदीप पाण्डेय
संतोष सालुके
राहुल पाण्डेय
पृथ्वीपाल राय
सुरेश वाधवानी
नरेश शुक्ला
अशोक दरियानी
अशोक मिथुन
राहुल सिंह
अनुराग पाण्डेय
चुरामणी आजाद
आशीष जायसवाल
सौजन्य - नरेश कंस्ट्रक्शन बिलासपुर छत्तीसगढ़

खबर संक्षेप

अवैध शराब बेचने वाले चार गिरफ्तार

बिलासपुर। सीपत पुलिस अवैध शराब बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हुई है। 20 सितंबर को पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वाले मटियारी निवासी निर्मला शिकारी पति रामनाथ शिकारी 58 साल, कमल प्रकाश शिकारी पिता संतूलाल शिकारी 33 साल, नेतराम शिकारी पिता बनउराम शिकारी 40 साल को पकड़कर 52 लीटर कच्ची शराब जब्त किया है। इसी तरह भिल्मी निवासी मोनू वर्मा उर्फ गोलू पिता स्व. नंदराम वर्मा 30 साल से 40 लीटर शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मोबाइल में बात करने से नाराज होकर एक युवक ने दूसरे युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी हिमांशु कश्यप पिता राजेश कश्यप 22 साल 19 सितंबर की रात 9.30 बजे मोहल्ले के दीप कश्यप से मोबाइल मांगकर बातचीत कर रहा था। ज्यादा देर तक बातचीत करने पर दीप कश्यप उसके साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर दीप कश्यप ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने हिमांशु कश्यप की रिपोर्ट पर हमलावर दीप कश्यप के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सोने चांदी के जेवर लेकर भागी महिला

बिलासपुर। डिजाइन बाहर भेजकर पैसा कमाने का लालच देकर एक महिला दूसरी महिला से सोने चांदी के जेवर लेकर भाग गई। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा बंधवापारा निवासी सरस्वती श्रीवास पित विनोद श्रीवास 12 सितंबर को घर में अकेले थी। दोहपर 2 बजे एक अज्ञात महिला उनके घर आई और उन्हें बातचीत में फंसाकर पूछा उनके पास सोने चांदी के जेवर हैं या नहीं। सरस्वती ने जेवर होने की बात कही तो महिला ने उन्हें झांसा दिया कि उनके जेवर की डिजाइन बाहर भेजेगी। उसके बदले में उन्हें पैसा मिलेगा और वह जेवर वापस कर देगी। लालच में आकर सरस्वती ने अपने सोने का मंगलसूत्र, फरवाला लाकेट, टाप्स, पायल उसे दिखा दिया। बातचीत के दौरान महिला ने उन्हें उलझाए रखा और मौका पाकर जेवर लेकर भाग गई। पुलिस ने सरस्वती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। अवैध कब्जा हटाने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, छोटी कोनी निवासी सुकृता साहू पिता राम विलास साहू ने रिपोर्ट लिखाई। संतोषी नेताम, पूनम मरावी एवं अनय लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया था, जिसे हटाया गया था और कब्जा करने से मना किया गया था। उनके घर के सामने आने जाने के रास्ता में गणेश पंडाल बनाकर जबरन साड़ी एवं बांस से घेरकर कांटा मलबा डाल दिया गया। जिससे आने जाने में तकलीफ हो रही थी। 19 सितंबर की शाम 7.30 बजे उन्होंने घेरा हटाने के लिए कहा तो संतोषी नेताम, पूनम मरावी एवं अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। दूसरे पक्ष से संतोषी नेताम ने रिपोर्ट लिखाई, गणेश पंडाल में वे और भाभी पूनम मरावी, कल्पना मरावी, प्रिया मरावी, दीक्षा मरावी शिमरन मरावी, किरण मरावी, आरोही मरावी सभी मिलकर प्रसाद के लिए खिचड़ी बना रहे थे। उसी समय रामविलास सहू, सुकृता सहू, गीता साहू एवं अन्य लोग आए और गाली गलौज कर जबरन रोड घेर दिए हो कहकर डंडा पत्थर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

पुरानी जगह होने के कारण खाली कर दिया रेलवे ने | **कई बार पत्र लिखने के बाद भी कोई ध्यान नहीं**

तहसील भवन जर्जर : रेलवे को एक कमरा उपलब्ध नहीं करा पा रहा जिला प्रशासन

बिलासपुर। तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। इसमें बड़ी घटना होनें की आशंका को देखते हुए रेल प्रशासन जिला प्रशासन को मरम्मत कराने या दूसरे स्थान पर एक 10 बाई 10 का कामरा देने के लिए कई बार पत्र लिखा है। रेलवे का पत्र मिलने के बाद भी प्रशासन ने अब तक न तो तहसील कार्यालय के जर्जर भवन का मरम्मत कराना उचित समझा है और न ही रेलवे को एक कमरा उपलब्ध करा पा रहा है। इसके कारण सैकड़ों की संख्या में बुकिंग कराने के लिए यात्रियों को उसलापुर और बिलासपुर स्टेशन तक जाना मजबूरी हो गई है।

शहर के बीच में आरक्षण कार्यालय की सुविधा देने के लिए रेल प्रशासन ने वर्ष 2005 में नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय के भवन में आरक्षण कार्यालय की सुविधा शुरु की थी। तहसील कार्यालय में आरक्षण कार्यालय ओपन होने के बाद सबसे अधिक सुविधाएं कुदुदण्ड, मंगला, नेहरू चौक, सरकंडा व आसपास के हजारों लोगों को मिलने लगी। ट्रेन में सफर करने के लिए टिकिट बुकिंग के लिए लोगों को स्टेशन तक की दौड़ लगाने से छुटकारा मिल गया। तहसील कार्यालय के भवन में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में रेलवे के स्टाफ की ड्यूटी लगती है। रेलवे आरक्षण कार्यालय तहसील कार्यालय के सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलने के समय तक ही ओपन करने के बाद स्टाफ भी काउंटर को बंद कर रेलवे स्टेशन पहुंच जाते थे। वर्षों से संचालित होने वाले तहसील कार्यालय के आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग भी काफी जर्जर होने से बैठे स्टाफ के साथ कभी भी दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा था। यहां दीवारों के प्लास्टर सीपेज के कारण उखड़ने के अलावा शौचालय की हालत भी बदतर हो चुकी थी। स्टाफ ने इसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी थी। स्टाफ की सुरक्षा को देखते हुए रेल अफसरों ने बिल्डिंग मरम्मत करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा। जिला प्रशासन को बार-बार पत्र लिखने के बाद भी मरम्मत कार्य और दूसरे स्थान पर शिफ्टिंग के लिए किसी तरह की कोई पहल नहीं किए जाने के कारण रेल प्रशासन ने तहसील के पीआरएस कार्यालय को बंद तो कर दिया, लेकिन अभी भी जनप्रतिनिधियों और लोगों की मांग करने के बाद रेल अफसर जिला प्रशासन की ओर से नई जगह दिए जाने की आस में बैठे हैं।

रहती थी लोगों की कतार

तहसील कार्यालय में आरक्षण कार्यालय वर्षों से संचालित किया जा रहा है। यहां विशेषकर नेहरू चौक में बने कलेक्टोरेट, तहसील कार्यालय, निगम बिल्डिंग व अन्य कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों-अधिकारियों के अलावा आने वाले लोगों को बुकिंग की सुविधा मिल रही थी। तहसील कार्यालय के समय के अनुसार पीआरएस के भी खुलने और बंद करने का समय निर्धारित रहता था, जिसकी वजह से यहां लोगों की कतार बुकिंग के लिए लगी रहती थी।

प्रसाधन में लगता है ताला

रेलवे का बुकिंग कार्यालय तो बंद हो गया। इसके साथ ही तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों की सबसे बड़ी समस्या प्रसाधन की है। पुराने और जर्जर बुकिंग कार्यालय के सामने दो प्रसाधन महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग बनाया गया था। वर्तमान में पुरुषों के लिए बनाए गए प्रसाधन की स्थिति काफी खराब हो चुकी है, जहां गंदगी तो है और पानी तक नहीं है। वहीं महिलाओं के लिए बनाए गए प्रसाधन का उपयोग तहसील कार्यालय में काम करने वाली महिलाएं करने के बाद उसमें ताला बंद कर देती है, जिसके कारण लोग काफी परेशान हो रहे हैं।

नहीं मिली कोई नई जगह

तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर के कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इसे मरम्मत कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया था, जिसमें नए कार्यालय की मांग भी शामिल थी। जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई भी नई जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण पीआरएस ओपन करने का अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

कचरे का पानी बह कर अरपा में आता है, जिससे नदी का पानी भी दूषित हो रहा

छठ घाट में कचरे का अंबार, पूरे क्षेत्र में दुर्गंध, खत्म हो रही सुंदरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम का कचरा डंपिंग जोन ग्राम कछार में बनाया गया है। जहां घरों से निकलने वाले कचरा को डंप किया जाता है। डोर टू डोर कचरा लेने के बाद कचरा गाड़ियों को कछार ले जाना होता है, लेकिन छठ घाट के आसपास के क्षेत्र के कचरा ले जाने वाले सफाई कर्मचारी छठ घाट के पास ही कचरा डंप कर चले जा रहे हैं। इससे पूरे क्षेत्र में कचरे का ढेर बढ़ता ही जा रहा है, जिससे छठ घाट की सुंदरता खत्म हो रही है। साथ ही कचरा होने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैलने लगा है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। इधर बारिश में कचरा का दूषित पानी बह कर अरपा नदी में आता है, जिससे नदी का पानी भी दूषित होता है। बावजूद इसके निगम के अधिकारी इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

- **तोरवा पुल के नीचे श्मशान गृह और छठ घाट के पास ही अवैध रूप से डंप हो रहा कचरा**

तोरवा पुल और इसके पास स्थित छठ घाट के आसपास लंबे समय से कचरा डंप करने की समस्या बनी हुई है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियां और कुछ सफाई कर्मचारी कचरे को मुख्य डंपिंग यार्ड (कछार) ले जाने के बजाय तोरवा पुल के नीचे श्मशान गृह और छठ घाट के पास ही अवैध रूप से डंप कर देते हैं। एशिया के बड़े घाटों में शुमार होने वाले छठ के ठीक बगल में नगर निगम और स्थानीय ठेकेदारों द्वारा कचरा फेंकने से आस्था के इस केंद्र पर गंदगी और बदबू फैलती है। कूड़े के इस अंबार से आसपास के रिहायशी इलाकों में डेंगू, मलेरिया और संक्रामक बीमारियां फैलने का गंभीर खतरा मंडराता रहता है।

घोषित रूप से ट्रेंचिंग ग्राउंड बना

देखा जाए तो नगर निगम महीनों से यहां कचरा डंप करवा रहा है। उसे घोषित रूप से ट्रेंचिंग ग्राउंड बना दिया गया है। लोगों का कहना है कि घरों से कचरा उठाकर कछार के ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा डंप करने की व्यस्था तैयार कराई गई है। ऐसे में शहर के भीतर डंप करना उस योजना पर पलीता लगाना है। यह एनजीटी के फैसले के खिलाफ है। निगम का कहना है कि छठ घाट के पास ही निगम का कचरा पाइंट है। यदि वहां कचरा नहीं रखा जाएगा तो निगम को इसके लिए अधिक राशि ठेकेदार को देनी होगी।

आवारा मवेशियों की संख्या इसलिए बढ़ी

पुल और घाट के आसपास लगातार कचरा डंप होने की वजह से आवारा मवेशियों (गायों और अन्य जानवरों) की संख्या बढ़ गई है, जिससे तोरवा पुल मार्ग पर यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हालांकि नगर निगम द्वारा इस प्रकार की सार्वजनिक डंपिंग को रोकने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। हाल ही में चलाए जा रहे 'स्वच्छता सेवा अभियान' के तहत नगर निगम उन लोगों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की है जो सार्वजनिक रास्तों, सड़कों या नदी किनारों पर कचरा फैलाते हैं या निर्माण सामग्री डंप करते हैं।

कराई जाएगी सफाई

छठ घाट के पास निगम का एसएलआरएम सेंटर और कचरा पाइंट है। इसलिए गाड़ियां वहां कचरा डंप करती हैं। इसका लेकिन तत्काल उठाव करने के साथ ही कछार भेजा भी जा रहा है। छठ घाट में गंदगी की बात है तो इसे साफ करा लिया जाएगा।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

सीपत अस्पताल में डाक्टर नहीं

मुलाहिजा कराने लगानी पड़ रही 30 किलोमीटर की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत सरकारी अस्पताल में डाक्टर की पोस्टिंग नहीं होने से पुलिस को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित लोगों का मुलाहिजा कराने के लिए पुलिसकर्मियों को 30 किलो मीटर दूर मस्तूरी सरकारी अस्पताल जाना पड़ रहा है। वहीं मस्तूरी में मुलाहिजा कराने के बाद बिलासपुर आकर जिला न्यायालय में पेश करने पर 60 किलोमीटर का सफर करना पड़ रहा है।

- **सीपत थाने के पुलिसकर्मी हलाकान**

जानकारी के अनुसार सीपत थाने में प्रतिदिन करीब 10 लोगों को मुलाहिजा कराना पड़ता है, जिसके लिए पुलिसकर्मियों को मस्तूरी स्वास्थ केंद्र की दौड़ लगानी पड़ती है। सबसे बड़ी मुसीबत तब होती है, जब गंभीर मामले के आरोपी को मुलाहिजा कराने के बाद जिला न्यायालय में पेश करना पड़ता है। मुलाहिजा के बाद न्यायलय में आरोपी को पेश करने के लिए 60 किलो मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। एसपी आफिस से कई बार सीपत अस्पताल में डाक्टर की पोस्टिंग करने पत्राचार किया जा चुका है, उसके बाद भी अस्पताल में डाक्टर की पोस्टिंग नहीं की जा रही है।

जयरामनगर रेलवे फाटक बड़ी बाधा

सीपत पुलिस किसी भी मामले में आरोपी को गिरफ्तार करती है तो उसे मुलाहिजा कराने मस्तूरी अस्पताल लेकर जाती है। वहां मुलाहिजा कराने के बाद जिला न्यायालय के लिए रवाना होती है। इन पुलिसकर्मियों को जयराम नगर रेलवे फाटक बंद होने से घण्टों फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। इससे उन्हें समय में आरोपी को जिला न्यायालय में पेश करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जिला न्यायलय पहुंचने में देरी होने पर आरोपी को फिर से थाना लेकर जाना पड़ जा रहा है।

बहुत परेशानी हो रही

लंबे समय से सीपत प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में डाक्टर की पोस्टिंग नहीं है, जिससे लोगों को मुलाहिजा कराने के लिए मस्तूरी स्वास्थ केंद्र ले जाना पड़ता है। मुलाहिजा कराने के बाद समय पर आरोपी को जिला न्यायालय में पेश करने में परेशानी होती है। एसपी आफिस से कई बार अस्पताल में डाक्टर की पोस्टिंग करने पत्राचार किया गया है।

-राजेश मिश्रा
सीपत टीआई

झूठी एफआईआर दर्ज कराने भेजने वाली महिला सहित तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। नाबालिग को गैंगरेप की झूठी एफआईआर कराने के लिए सकरी थाना भेजने वाली महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि इस मामले में जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी महिमा यादव, आर्यन रात्रे व सकरी निवासी ईशु सिंह के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 137, 2, 61, 2 ए, 231, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। तीनों ने जरहाभाठा मिनीबस्ती में झूठी गैंगरेप की कहानी बनाकर नाबालिग को रिपोर्ट लिखाने थाने भेजा था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर को वह जतिया तालाब के पास घूम रही थी। इसी दौरान महिमा यादव उसे मिली। गांजा पिलाने के बहाने वह बिना नम्बर की एक्टिवा में उसे जतिया तालाब मरघट के पास ले गई। जहां पर पहले से ईशु सिंह, आर्यन रात्रे बैठे थे। ईशु सिंह ने उसे व महिमा यादव को गांजे की चिलम बनाकर दिया, ईशु सिंह व आर्यन रात्रे ने शराब पी। ईशु सिंह ने उससे कहा 30 हजार रुपए किसी से मांगकर लाउंगा 10 हजार का गांजा व शराब पिएंगे और 20 हजार रुपए अपने घर ले जाना। बदले में तुम सैदा निवासी संदीप धीवर, दीपु केंवट, टेगना और शैलेष को बलात्कार के केस में फंसाना, इसके बाद महिमा उसे ईशु के कहने पर स्कूटी से होटल लाई। साथ में बाइक पर ईशु सिंह आर्यन आए। होटल में चारों पनीर पराठा खाया और रात 12 बजे वे सैदा की ओर ले गए। एक चौक के पास ग्राम सैदा में खेत में उसे ले जाकर ईशु सिंह बोला कि तुम अपने कपड़े निकालकर फेंक दो और उसने वैसा ही किया। उसके बाद आर्यन ने दांत से काटकर कपड़ा फाड़ दिया और पेंट की दोनों जेब फाड़कर कीचड़ लगा दिया। महिमा मोबाइल में वीडियो बना रही थी। वहीं ईशु ने पुराना मोबाइल को तोड़कर फैला दिया। तीनों ने उसे धमकी दी कि इसके बारे में किसी को बताएगी तो जान से मार देंगे। उनके योजना अनुसार तीनों रिपोर्ट लिखाने के लिए सकरी थाना लेकर गए थे।

- **मिनी बस्ती जतिया तालाब में बनाया गया था क्राइम पेट्रोल की फर्जी कहानी**

रात 2 बजे रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंची नाबालिग, जांच में मामला निकला फर्जी
30 हजार रुपए का लालच
क्राइम पेट्रोल की तर्ज पर बनाई झूठी कहानी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

स्कूटी सवार छात्रा को कार ने मारी टक्कर

बिलासपुर। परीक्षा देने जा रही स्कूटी सवार छात्रा को कार के चालाक ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा को गंभीर चोट आई है व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, खपरगंज कल्लू बाड़ा निवासी मुफदल हुसैन की बेटी सकीना हुसैन 19 सितंबर को सुबह स्कूटी से अर्धवार्षिक परीक्षा दिलाने सेंट जेवियर स्कूल व्यापार विहार जा रही थी। सुबह 7 बजे मगरपारा चौक के पास पीछे से आ रहे नीले रंग की कार चालक ने तेजी से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा को गंभीर चोट आई और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने पिता मुफदल हुसैन की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

मंगला के तालाब में अधेड़ की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला के तालाब में एक अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार की सुबह ग्राम मंगला के लोगों ने पटवारी तालाब में एक अधेड़ की लाश देखी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर तालाब से शव बाहर निकालकर आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया। किन्तु पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र 40 से 45 साल बताई जा रही है।

संभावना जताई जा रही है कि भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान मृतक तालाब में डूबा है। पुलिस शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवाकर पहचान कार्रवाई में लग गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

तालाब में मिले मृतक की पहचान करने पहुंचे स्थानीय लोग।

आकाशीय बिजली का कहरः 17 बकरे-बकरियों की मौत

बिलासपुर। कोटा के अंतर्गत ग्राम करगी कला में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 17 बकरे-बकरियों की मौत हो गई। अचानक मौसम खराब होने के बीच हुई इस घटना से दो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, गांव के किसान शोभाराम यादव और राजेश साहू अपनी बकरा-बकरियों को देवरहा तालाब के पीछे खेत की ओर चराने गए थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही बकरा-बकरियों की मौत हो गई। हादसे में किसान शोभाराम यादव के 8 और राजेश साहू के 9 बकरे-बकरियों की जान चली गई। घटना के बाद दोनों किसानों को आर्थिक क्षति हुई है।

हादसे की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है। कोटा टीआई शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि किसानों के द्वारा थाने में जानकारी दी गई थी, जिस पर मवेशियों का पीएम कराया गया है।

सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक: 27 अक्टूबर 2026, 17 नवंबर 2026, 24 नवंबर 2026, 8 दिसंबर 2026, 22 दिसंबर 2026, 29 दिसंबर 2026, 12 जनवरी 2027
राशि स्लीपर ₹20,500/- ऑफर ₹18,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411